卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 95 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦10 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# होटल तोड़ने आई टीम का विरोध, हंगामा

## ग्रामीण अपने घरों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं, भवनों को तोड़ने पर मुआवजा देने की मांग






चमोली (उद संवाददाता)। जोशीमठ में चिंताजनक होते जा रहे हालातों के बीच दो होटलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गयी है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को होटल स्वामी और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। इस दौरान गुस्साए लोगों की कोतवाल से जमकर नोंक झोंक हुयी। बता दें सीबीआरआई की टीम ने सोमवार को मलारी इन और माउंट व्यू होटल का सर्वे किया था, जिसके बाद इन होटलो से अन्य घरों को नुकसान की संभावना को देखते हुए दोनों होटलों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया। करोड़ों की लागत से बने इन दोनों होटलों को ढहाने के लिए सुबह से ही तैयारी शुरू हो गयी। दरअसल भूधंसाव में इन दोनों होटलों को अत्यधिक क्षति पहुंची है और इनका कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने से पहले मंगलवार को प्रशासन लगातार मुनादी कराता रहा। प्रशासन ने अनाउंसमेंट कर लोगों को वहां से हटने के लिए कहा। वहीं, लोगो को सतर्क किया गया कि कार्रवाई के बीच अनावश्यक ना आएं। भवनों को गिराने के लिए किसी भी तरह के विस्फोटकों की मदद नहीं ली जा रही है सीबीआरआई के वैज्ञानिकों की देखरेख में लोनिवि की टीम मेकेनिकल (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुप्रीम कोर्ट का जोशीमठ मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट ने जोशीमठ मामले पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने इसपर सुनवाई के लिए अब 16 जनवरी की अगली तारीख दी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में शीर्ष अदालत में आने की जरूरत नहीं है। इस पर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं काम कर रही हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। बता दें कि याचिकाकर्ता स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शीर्ष अदालत में अपील करते हुए कहा था कि मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है और इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। जिस पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मंगलवार यानी आज की तारीख दी थी लेकिन अब अदालत ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि जोशीमठ में आज जो भी हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला आरक्षण विधेयक को राज्यपाल ने दी मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। महिला आरक्षण विधेयक को मंगलवार को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। राजभवन की मंजूरी के साथ ही महिला अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का कानूनी अधिकार भी मिल गया है। राज्य सरकार ने 30 नवंबर 2022 को विध ानसभा में बिल को सर्वसम्मति पारित कराकर राजभवन भेजा था। विध ानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में पारित 14 बिलों, जिनमें अधि कतर संशोधित विधेयक थे, के साथ महिला आरक्षण बिल को भी राज्यपाल की मंजूरी मिलनी थी। राजभवन से ज्यादातर विधेयकों को मंजूरी मिल गई, लेकिन महिला क्षैतिज आरक्षण बिल विचाराधीन रहा। राजभवन ने विधेयक को मंजूरी देने से पहले इसका न्याय और विधि विशेषज्ञों से परीक्षण कराया। इस कारण विधेयक को मंजूरी मिलने में एक महीने का समय लग गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले दिनों महिला क्षैतिज आरक्षण कानून के जल्द लागू होने के संकेत दिए थे। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल की मंजूरी के साथ विधेयक विधायी विभाग को भेज दिया गया है। बता दें राज्य सरकार की नौकरियों में उत्तराखंड की महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिए कांग्रेस की नारायण दत्त तिवारी सरकार ने 24 जुलाई 2006 को आदेश जारी किया था। याचिकाकर्ताओं ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ताओं के वकील की ओर से कहा गया था राज्य सरकार के पास राज्य के निवास स्थान पर आधारित आरक्षण प्रदान करने की शक्ति नहीं है। भारत का संविधान केवल संसद को अधिवास के आधार पर आरक्षण देने की अनुमति देता है। राज्य सरकार का वर्ष 2006 का आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19 और 21 का उल्लंघन है।

## हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से हाथी की मौत




मोटाहल्दू(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत पदमपुर देवलिया के सूपी भगवानपुर गांव में एक टस्कर हाथी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई है। तराई केंद्रीय वन विभाग के एसडीओ शशि देव, रेंज अधिकारी उमेश चंद्र आर्य सहित वन विभाग के आला अधिकारियों के अलावा हल्दूचौड़ चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक सूपी भगवानपुर गांव के किसान के मोहन जग्गी के खेत में हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से टस्कर हाथी की मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। सूचना पर डॉक्टर की टीम (शेष पृष्ठ सात पर)

## धोखाधड़ी कर बेच दी बंधक भूमि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति द्वारा बैंक से लिया ऋण अदा न करने के बाद भी बैंक में बंधक बनाई गई भूमि को धोखाधड़ी कर अन्य व्यक्ति को बेच दिया और इसकी रजिस्ट्री भी करवा दी। मामले की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंध क ने ऋण लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। द कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक, नवीन मंडी बरेली रोड शाखा के प्रबंधक सुनील कुमार द्वारा पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया गया है नकि मैसर्स पार्वती एसोसियेटस के संचालक सुमित रावत पुत्र दीवान सिंह रावत निवासी ग्राम हरिपुर पूर्णानन्द बरेली रोड ने अपनी भूमि को बैंक में बंध क रख ऋण लिया था। लेकिन ऋण अदायगी नहीं की गई। जिसके चलते यह ध नराशि वर्तमान में 64.37 लाख हो गई है। आरोप है कि सुमित ने धोखाधड़ी कर बैंक में बंधक भूमि का सौदा तय कर दिया। इस भूमि की रजिस्ट्री राकेश कुमार सिंह पुत्र वेद रतन सिंह निवासी ग्राम देवलचौड़ खाम, बलवीर श्रीवास्तव पुत्र वेद राम श्रीवास्तव निवासी टनकपुर रोड वार्ड बीबी4 व रेखा (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखण्ड में मिला कोरोना के नए वैरिएंट का पहला मरीज

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना के नए वैरियंट ने दस्तक दे दी है। राज्य में नए वैरियंट का पहला मरीज मिला है। उक्त मरीज 27 दिसंबर को यूएस से लौटा था। एयरपोर्ट पर उसका सैंपल लिया गया था। जिसके बाद उसके नए वैरियंट से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। छात्र को आइसोलेशन में रखा गया है। वह यूएस में पढ़ाई करता है।

## मेडिकल कालेज में चोरी कर रहे युवक को दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मेडिकल कॉलेज परिसर में घुसकर चोरी कर रहे एक युवक को लोगों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज परिसर में बीते दिवस एक चोर घुस गया और फॉल सीलिंग का सामान चोरी कर भागने लगा। तभी आस-पास के लोगों की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने घेराबंदी कर भागते चोर को समान सहित दबोच (शेष पृष्ठ 7 पर)

## एक किलो चरस के साथ एक दबोचा



किच्छा(उद संवाददाता)।नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलभट्टा थाना पुलिस ने एक किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद चरस की कीमत पांच लाख रुपये बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मंगलवार को सीओ सितारगंज ओमप्रकाश शर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलभट्टा पुलिस सोमवार को सिरौली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली। पुलिस ने उसके पास से 1.017 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी ने अपना नाम लवप्रीत पुत्र कैलाश चंद निवासी रेलवे स्टेशन के निकट किच्छा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लम्बे समय से चरस की तस्करी में लिप्त था।

ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku d bPNd 0;fDr lid dj
ekckby lid&8077683095




# एसडीएम और कृषि अधिकारी ने प्लाईवुड फैक्ट्रियों में मारे छापे

## कंपनी में प्रयोग हो रहे यूरिया के लिए सेंपल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कृषकों के उपयोग के लिए दी जाने वाली नीम कोटेड यूरिया की कालाबाजारी एवं इसके प्लाईवुड फैक्ट्रियों में उपयोग की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रत्युश सिंह और मुख्य कृषि अधिकारी ने सोमवार को सिडकुल स्थित प्लाईवुड कंपनियों में औचक छापेमारी कर वहां प्रयोग की जा रही यूरिया के सेंपल लिये। सेंपलों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। एसडीएम ने कहा कि जांच में नीम कोटेड यूरिया होने की पुष्टि हुई तो संम्बधित कंपनियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बता दें नीम कोटेड यूरिया की आपूर्ति कृषिकों के लिए की जाती है। इसका उपयोग कई प्लाईवुड फैक्ट्रियों में किये जाने की शिकायतें प्रशासन को मिल रही थी। जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी, रुद्रपुर एवं मुख्य कृषि अधिकारी, उधमसिंहनगर ने ग्रीन पैनल इण्डस्ट्रीज लि०, अर्चिड प्लाई इण्डस्ट्रीज लि० एवं रामा प्लाई लि० तथा सिरडी इण्डस्ट्रीज लि0 में आकस्मिक रूप से छापेमारी की। जिससे वहां हड़कम्प मच गया। संयुक्त टीम ने कृषकों के उपयोग हेतु आपूर्तित नीम कोटेट यूरिया एवं इण्डस्ट्रीज के उपयोग की यूरिया की जाँच की गयी।कृषकों के उपयोग हेतु नीम कोटेड यूरिया अथवा इण्डस्ट्रीज उपयोग की यूरिया की जॉच हेतु ग्रीन पैनल इण्डस्ट्रीज लि0 एवं अर्चिंट प्लाई इण्डस्ट्रीज लि0 में टैक्निकल ग्रेड (इण्डस्ट्रीयल उपयोग) की भण्डारित टैक्निकल ग्रेड यूरिया का सेंपल जांच के लिए लिया गया। नमूनों को परीक्षण हेतु सम्बन्धित प्रयोगशाला को भेजा गया है। एसडीएम ने कहा कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सभी कंपनियों को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा इण्डस्ट्रीज उपयोग की यूरिया का ही प्रयोग किया जाय। यदि भविष्य में निरीक्षण में कृषकों के उपयोग हेतु आपूर्ति की जाने वाली यूरिया प्राप्त होती है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।



# डा.मनमोहन व जसविंदर कौर चुने गये बैस्ट ओल्ड कपल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिटी क्लब में महिला पंजाबी महासभा द्वारा आयोजित लोहड़ी मेले के अवसर पर शहर के वरिष्ठ समाज सेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा. मनमोहन सिंह और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जसविंदर कौर को बैस्ट ओल्ड कपल के सम्मान से नवाजा गया। निर्णायकों ने बैस्ट ओल्ड कपल की घोषणा की। जिसके बाद डा. मनमोहन



सिंह और उनकी धर्म पत्नी जसविंदर कौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से उन्हें पांच सितारा होटल में एक दिन ठहरने का कूपन भी भेंट किया गया । इस अवसर पर आयोजकों ने इस आयु में डा. मनमोहन सिह की उर्जा व समाज और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके समर्पण की भावना की सराहना की। साथ ही शहीद भगत सिंह सेवा समिति के साथ मिलकर चलाये जा रहे नेत्र दान मिशन की मुहिम की भी सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# छात्रों को आत्म रक्षा के गुर सिखाये

गदरपुर(उद संवाददाता)। कोरोना काल के बाद आयोजित किए गए दो दिवसीय प्रथम शीत शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों को योग ,आत्मरक्षा, खेल, अनुशासन और संघ के बारे में विस्तार रूप से बताया गया। शिविर के दौरान अतिथि के रूप में



सुपर फिटनेस अकैडमी की कोच चंद्रिका फोगाट ने छात्रों को आत्मरक्षा के गुर बताए और अतिथि के रूप में पहुंची समाज सेविका ज्योति राज चुघ ने बच्चों से अनुरोध किया कि इस तरीके के शिविर में ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्रतिभाग करना चाहिए जिससे कि बच्चों में राष्ट्र सेवा की भावना जागृत हो। राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश सह संयोजक निपुण गगनेजा ने बच्चों को गौ रक्षा के प्रति जागरूक किया।

# शोक में मटर गली का बाजार रहा बंद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली के युवा व्यवसायी राजन नागपाल के आकस्मिक निधन पर शोक में मटर गली बाजार पूरी तरह से बंद रहा। व्यापारियो ने शोक में संपूर्ण बाजार को अंत्येष्टि तक बंद रखकर श्रद्धांजलि दी। बाजार के व्यापारियों ने दुख जताते हुए कहा उन्होंने एक कर्मठ जुझारू कार्यकर्ता को खो दिया है। युवा व्यवसाई के अल्प आयु में निधन होने पर परिवार के ऊपर भी एक मुश्किल आन पड़ी है इस मुश्किल की घड़ी में बाजार के व्यापारी उनके परिवार के साथ हैं। शोक व्यक्त करने वालों में मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री पंकज गुप्ता, प्रवक्ता प्रेम चौधरी, उपाध्यक्ष मोहन बाबा, अतुल गुप्ता, रोहित गोड प्रिंस, आरिफ हुसैन, जाकिर सिद्दीकी, विजय प्रकाश, लक्ष्मी नारायण, शंकर जोशी, आन सिंह पडिहार, राजू गुप्ता, गौरव यादव, सुरेंद्र सागर, चंदर आर्य, विनोद कुमार, राकेश वार्ष्णेय, ओम प्रकाश गुप्ता, डीके नागपाल, तिलोक गुप्ता, रवि चौधरी, मोनू सागर, साकिर हुसैन, संदीप सक्सेना, मोहित गौड, सरफराज हुसैन आदि व्यापारी शामिल थे।



**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**अरोरा डेन्टल केयर**
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9897327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# ग्राम प्रधानों ने मांगों को लेकर दिया धरना

## कोरम के अभाव में बीडीसी बैठक स्थगित

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक कोरम के आभाव एवं ग्राम प्रधानों के विरोध के चलते स्थगित हो गयी। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि अब तक जो भी बीडीसी बैठक में प्रस्ताव दिये गये एक भी प्रस्ताव पर कोई कार्य नहीं करवाया गया। जिससे बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। वही ग्राम प्रधानों ने प्रदेश अध्यक्ष के आहवान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लाक कार्यालय में धरने पर बैठ कर विरोध जताया। कंपकपाती ठंड के चलते पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीडीसी बैठक प्रारम्भ होने लगी तो बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों का कोरम नहीं हो पाया वहीं उपस्थित ग्राम प्रधानों ने बीडीसी बैठक का बहिष्कार शुरु कर दिया। ग्राम प्रधानों का आरोप था कि अब तक हुई बैठकों में जो भी प्रस्ताव दिये गये है उनमें से किसी भी विभाग का कार्य तक नहीं हुआ है इसलिए बैठक में भाग लेने का कोई महत्व ही नही है। कोरम के आभाव एवं ग्राम प्रधानों के विरोध के चलते बीडीओ द्वारा बैठक को स्थगित कर दिया गया। बैठक स्थगित हो जाने के बाद ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष कवंलजीत कौर ओजला के नेतृत्व में प्रदेश अध्यख के आहवान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम प्रधान ब्लाक कार्यालय में धरने पर बैठ गये । इस दौरान ग्राम प्रधानों का आरोप था कि अब तक हुई बीडीसी बैठकों में जो भी प्रस्ताव दिये गये है उनमें से किसी भी विभाग का कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। इस लिए इस बीडीसी बैठक का क्या महत्व है। वही ग्राम प्रधानों द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों के सम्बंध में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन भी भेजा गयां जिसमें कहा गया कि उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियां होने के कारण अधिकांश गांव में नेटवर्क नहीं है। कई किलोमीटर पैदल मार्ग है। ऐसी स्थिति में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना संभव नहीं है। वही एमएस साइड को दिनो दिन जटिल बनाया जाना जाना एमएस में आधार एफटीओ भुगतान की समस्या ग्राम प्रधानों एवं संबंधित कर्मचारियों को बिना प्रशिक्षण दिये ही नेये सिस्टम को लागू किया जा रहा है। ग्राम प्रधानों की दूसरी समस्या जिसमें कहा गया कि मनरेगा के ग्राम पंचायतों में 20 से अधिक कार्यो का ना होना, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना एक ऐसी योजना है जिसमें ग्राम पंचायते विकास कार्य अधिक करवाती है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि उक्त मांगों पर एक सप्ताह मैं पुर्नविचार नहीं किया गया तो समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा जनवरी माह में मजबूर होकर राजधानी देहरादून में धरना प्रदर्शन किया जाएगा,जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।धरना प्रदर्शन करने वालो में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष एवं प्रधान ग्राम सभा कनकटा गुरविन्दर सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी,मुकेश सिंह राणा, मनोज देवराडी, चौ. इन्द्रपाल सिंह,चौ संजय सिंह, नंदन सिंह, राजबाला,लेखराज, चन्द्रपाल सिंह,बलबीर कौर आदि मौजूद थे। वही बैठक प्रारम्भ होने पर जिले से भी अधिकांश अधिकारी नहीं पहुंच पाये थे जबकि अधिकांश स्थानीय स्तर के ही अधिकारी मौजूद रहे स इस मौके पर सलविंदर सिंह कलसी,गुरदेव सिंह,नरेश कुमार, अनिल अरोरा, मदन मोहन जोशी, हरिश्चंद्र,भगवंत सिंह, डी एस राणा, सुमित खेड़ा,मोहन चंद्र यादव,पीसी पंत,ओपी भट्ट एवं सुभाष आर्य आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।







# देवभूमि पत्रकार यूनियन हरिद्वार जिला इकाई का चुनाव संपन्न

## दुष्यंत शर्मा जिला अध्यक्ष व सुनील कुमार महासचिव निर्वाचित

रुड़की(उद संवाददाता)।झबरेड़ा नगर के संजीवनी हॉस्पिटल एवं रिसर्च मेडिकल इंस्टिट्यूट में देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.) उत्तराखंड के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवभूमि पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई का गठन भी किया गया। अभिनंदन समारोह में डॉ.वी. डी.शर्मा महासचिव उत्तराखंड, दीपक गुलानी (महानगर अध्यक्ष देहरादून), दीपक धीमान (जिला अध्यक्ष देहरादून) नवीन चंद्र जोशी (जिला महासचिव देहरादून), प्रदीप भंडारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र नारसन और रोहित कुमार का माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनाकर जोरदार तरीके से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव डॉ वी.डी.शर्मा ने आज की पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वास्तव में आज का पत्रकार कहीं ना कहीं अपनी गरिमा को खो रहा है, जिसके कारण हम पत्रकारों के सम्मान में कमी आई है। उन्होंने कहा कि आज समाज को नई दिशा देने के लिए अच्छी पत्रकारिता की आवश्यकता है और जो अच्छी पत्रकारिता होगी तभी देशहित के मुद्दे जन्म लेंगे। कार्यक्रम में संजीवनी कॉलेज के सीईओ राकेश कुमार त्रिपाठी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी आज की पत्रकारिता के सरोकार विषय पर अपना जबरदस्त व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अगर पत्रकारिता स्वस्थ हो तो देश के विकास को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में देवभूमि पत्रकार यूनियन जिला हरिद्वार इकाई का गठन किया गया, जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा को पुनः जिला अध्यक्ष, सुनील कुमार क्रांतिकारी को जिला महामंत्री, हनीफ सलमानी एवं श्रवण गिरि को जिला उपाध्यक्ष, सुनील कुमार कोठारी को जिला प्रभारी हरिद्वार, मयूर चौधरी को जिला सचिव तथा दिनेश कुमार को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। सभी लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा संगठन से उम्मीद की है कि संगठन दूसरे साथियों को साथ लेकर पत्रकार हित की लड़ाई लड़ता रहेगा। इस अवसर पर मुकेश गोयल, सुरेंद्र कुमार, दिलशाद खान, रहीस अहमद, नफीस अहमद, फिरोज खान, एन.के. मेनवाल, अनिल त्यागी, लियाकत कुरैशी, मुकेश गोयल आदि उपस्थित थे।





# दो करोड़ का दुग्ध सीसी ऋण सीमा स्वीकृत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बहुउद्देशीय साधन सहकरी समिति बागेश्वर की कार्यालय सभागार में बैठक हुई।बैठक में समिति ने दो करोड़ रुपये का दुग्ध सीसी ऋण सीमा स्वीकृत की है। समिति अब काश्तकारों से मडुवा खरीद कर उसे अंतराष्ट्रीय बाजार में समितियों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराने के कोशिश करेगा इसके लिए मडुवा खरीद शुरू कर दी है। समिति द्वाराकिसानों को हरसंभव मदद पहुंच रही है।सोमवार को समिति कार्यालय पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष डा. राजेंद्र परिहार ने कहा कि किसानों को लाभावित किया जा रहा है। दुग्ध सीसी के लिए दो



करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए गए हैं। मडुवा का समर्थन मूल्य सरकार ने बढ़ा दिया है। 35.78 रुपये में किसानों से समिति खरीद रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के लिए दीन दयाल उपाध्याय ऋण योजना, स्पेशल कंपोनेंट दुग्ध सीसी आदि के लिए चार करोड़ की ऋण सीमा समिति स्तर पर स्वीकृत की गई हैं। समिति के सचिव घनानंद पांडे ने बताया कि मडुवे की खरीद के लिए समिति के सदस्य किसानों से सीधे संपर्क कर रहे हैं। ताकि किसान बिचौलियों को मडुवा ने बेच सकेंगे। उन्हें समिति में बिक्री करने पर सीधा लाभ मिलेगा।बैठक में गिरीश चंद्र पांडे, खीम राम,दान सिंह,मोहन चंद्र उप्रेती,गोविंद सिंह,जोगा सिंह,पंकज सिंह,खजान पांडे, बबीता भट्ट आदि मौजूद थे।

# जनसंख्या कानून देश के लिए जरुरी: तोगड़िया

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष,कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हिन्दू समाज पर खतरा बढ़ रहा है। कहा कि केंद्र सरकार पाकिस्तान–पाकिस्तान चिल्ला रही है। इजराइल की तरह उसे अपने जेहादी आतंकवाद का








मिसाइल से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या कानून देश के लिए जरुरी है। श्री सुहावा राम भुड्डी धर्मशाला में अन्तर्राष्ट्रीय एवं बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने प्रवीण तोगड़िया का ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया। जुलूस की शक्ल में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ तोगड़िया का मातृशक्ति ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान अपने भाषण से वह कार्यकर्ताओं में जोश भर गये। केंद्र सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से बोलते हुए तोगड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार पाकिस्तान–पाकिस्तान चिल्ला रही है। इजराइल की तरह उसे अपने जेहादी आतंकवाद का मिसाइल से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। श्रद्धा, कन्हैया की हत्या व राजोरी में हुई हिंदुओं के परिवार की हत्या का जिक्र करते हुए तोगड़िया ने कहा कि आज हिन्दू खतरे में है। कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है । खतरा बढ़ रहा है। यदि इसे समय पर समझा जाएगा तो उसका बचाव हो सकेगा। उन्होंने कहा के हिंदुओं की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से मांग है कि देश हित में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाए। इसके अलावा संविधान में बदलाव कर ऐसी व्यवस्था हो कि संवैधानिक पदों पर हिंदू ही बैठें। जनसंख्या नियंत्रण कानून को जरूरत बताते हुए उन्होंने कहा कि हिन्दू अपने टैक्स के पैसे से दूसरों को पोषित नहीं करेगा। जिस तरह राम मंदिर का संकल्प लिया था, उसी तरह जनसंख्या कानून का भी संकल्प लेना होगा। इसके अलावा हिंदुओं के लिए एक हेल्पलाइन लाइन भी जारी किया गया है। जिस पर फोन कर देश के किसी भी हिस्से में हिंदुओं की मदद की जा सके। कार्यकर्ताओं से तोगड़िया ने कहा कि हर हिंदू जरूरतमंद हिन्दू परिवारों की मदद करें, उन्होंने हिंदू समाज एकजुटता, हिंदू पर संकट आने पर उसकी जमानत करवाने वीरता का संकल्प और विजयदशमी पर शस्त्र पूजन एवं धारण करने का संकल्प कराया इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार महाजन के नेतृत्व में आयोजित त्रिशूल दीक्षा एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह में सक्रिय कार्यकर्ताओं को आत्मरक्षा के लिए त्रिशूलों का वितरण किया गया स डॉ. आरके महाजन ने डॉ,प्रवीण तोगड़िया का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए गदरपुर आगमन पर आभार जताया स उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं के अलावा मातृशक्ति से प्रत्येक ग्राम की एक टीम बनाकर हिंदू समाज को सक्रिय व एकजुट होने का संकल्प कराया इस मौके पर चौधरी बिरेंदर सिंह, डॉ. गोपाल जी, गंगाराम ,कुंवर सिंह, अमरीक सिंह, अशोक भुड्डी, चिंतन अरोरा, गोपाल कश्यप ,हरचरण चन्ना, अमित धींगरा ,मुकेश पंवार, ओमकार सैनी रामसिंह सैनी अमित रावत, विपिन कश्यप, अर्जुन रावत, रमेश कश्यप, मुकेश कंबोज, शंकर कश्यप, अमर सिंह, राजन प्रजापति, सागर कश्यप, राजकुमार ,अजय सैनी श्री राम जी ,रमेश कश्यप ,सुनील सैनी विक्रम सिंह सैनी, विजया पांडे, कु.मनीषा वर्मा,कु,पूजा पांडे ,सरस्वती, गीता पपोला, संगीता तिवारी, राम श्री, विरमावती,आशा ,सोनिया, अलका, पार्वती, कोकिला, सरोज सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस ने आयोजित किया वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम

खटीमा(उद संवाददाता)। महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस ने खटीमा, उत्तराखंड में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 160 महिलाओं ने भाग लिया और अपने वित्तीय ज्ञान को बढ़ाया। इस कार्यक्रम में विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी राणा, कांस्टेबल और सुश्री रूबी मोर्या ने अतिथि के रूप में भाग लिया। वहीं कंपनी की ओर से राज्य प्रमुख ललित मोहन, डीएम यजुवेंद्र सिंह,ट्रेनर विशाल नंदन तिवारी,एएम अशोक,बीएम राकेश कुमार, एडमिन इंद्रेश एवं समस्त शाखा कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में नाट्य रूपांतरण और वीडियो के द्वारा महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न तरीकों जैसे बचत, खर्च व सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया।कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी






ने कहा, महिलाओं के बीच वित्तीय ज्ञान को बढ़ाना महिला सशक्तिकरण का एक अहम हिस्सा है। यह उन्हें सही निर्णय लेने में काफी मदद करता है। फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता फैलाना था, जिसमें हम सफल रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथियों ने इस सामाजिक पहल के लिए फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने महिलाओं को अपनी वित्तीय ज्ञान में लगातार वृद्धि करने की सलाह दी। कार्यक्रम में भाग लेने वाली एक महिला ने कहा, वित्तीय साक्षरता सबके लिए जरुरी है, यह सही निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस को मैं धन्यवाद कहना चाहूंगी कि इसने इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया और हमारे ज्ञान को बढ़ाया। हमने खर्च और बचत से जुड़े पहलुओं को जाना, जो हमें आगे काफी मदद करेगा। फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस आरबीआई द्वारा पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है, जिसने अपनी जिम्मेदारीयों को केवल वित्तीय लेनदेन तक सीमित नहीं रखा है बल्कि यह कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसि बिलिटी (सीएसआर) के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारीयों का लगातार निर्वहन कर रहा है।

# नवीन वर्मा के जन्मदिन पर व्यापारियों ने की थालसेवा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा के जन्म दिवस उपलक्ष्य में गत दिवस की थाल सेवा जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के तत्वाधान में की गई। श्री वर्मा एवं जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे के जोशीमठ में होने के कारण सभी पदाधिकारियों द्वारा थाल सेवा के माध्यम से श्री वर्मा को उनके जन्मदिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके दीर्घायु रहने की कामना की गई। व्यापारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री



वर्मा पुन: प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष पद पर आसीन होकर मार्गदर्शन करेंगे। थाल सेवा करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी दिगंबर वर्मा, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश मंत्री शांति जीना, महिला जिला अध्यक्षा श्रीमती कुसुम दिगारी, महिला जिला महामंत्री श्रीमती उर्वशी बोरा, महिला जिला उपाध्यक्षा श्रीमती विनीता शर्मा, महिला जिला सदस्या श्रीमती प्रियंका, जिला युवा मीडिया प्रभारी कुणाल गोस्वामी, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, महानगर प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, देवलचौड़ इकाई अध्यक्ष प्रफुल्ल पांडे की गरिमामय उपस्थिति रहे।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले 60,376 चालकों पर हुई कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 60376 चालकों के विरुद्ध एक वर्ष में कार्यवाही एक है। इस आशय की जानकारी देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, ओवरलोड, ओवर स्पीड एवं मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये थे। डॉ. जगदीश चन्द्र पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरूद्व लगातार कार्यवाही कराई जा रही है। उन्होंने बताया जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, यातायात प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं नियमों का पालन कराये जाने हेतु ऐसे वाहन चालकों के विरूद्व लगातार कार्यवाही की जा रही है जो यातायात नियमों को दरकिनार कर स्वयं एवं दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।इसी क्रम में वर्ष–



2022 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 60376 वाहन चालकों के विरूद्व कार्यवाही करते हुए जुर्माना जमा करवाया गया। उन्होंने बताया नशे में वाहन चलाने पर 303 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं मोबाईल फोन का बात करते हुए वाहन चलाने पर 611 के विरूद्व कार्रवाई हुई। इसके अतिरिक्त ओवर स्पीड वाहन चलाने पर 1408 के विरूद्व, ओवर लोड वाहन चलाने पर 1318 के विरुद्ध तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 56736 के विरूद्व कार्यवाही की गई। एसएसपी ने बताया गत वर्ष कुल 2418 वाहन सीज किए गए। कुल 60376 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्माना जमा करवाया गया। उन्होंने जनपद के सभी वाहन चालकों से अपील की कि सड़क सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का शतप्रतिशत पालन कर स्वयं एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। यातयात नियमों को दरकिनार करने वालों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है।

# बेअंत सिंह बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। प्रेस क्लब के चुनाव में सर्वसम्मति से सभी पत्रकारों ने बाबा बेअंत सिंह को केलाखेड़ा प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बेअंत सिंह ने



सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि सदैव साथी पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहूंगे तथा इसके अतिरिक्त केलाखेड़ा प्रेस क्लब द्वारा समय–समय पर जनहित तथा समाज सेवा के कार्यों में भी हमारे प्रेस क्लब द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा। हम कलम के सिपाही हैं किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके गुण और दोष के कारण होती है और हमें गुण के रूप में कलम मिली हुई है। जिससे हम समाज की पीड़ाओं कलम के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए सेतु का काम करते हैं। जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। बेअंत सिंह को केलाखड़ा प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुने जाने पर धार्मिक सामाजिक संगठनों तथा राजनीति से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने बधाई संदेश भेजे हैं। इस मौके पर आफताब खान, अजय कालरा, निजाम अख्तर, राहुल सक्सेना, सौरभ कालरा, इमरान कुरेशी, विशेष गुप्ता, अली इफ्तेखार मैहर, शमी मैहर, संदीप अरोरा, परमजीत सिंह, अमित सक्सेना, जितेंद्र गुप्ता, शुभम गुप्ता, प्रिंस गगनेजा, रिजवान अल्वी इमामी अंसारी, विक्की सिंह, विशाल अग्रवाल आदि पत्रकार मौजूद थे।

# उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने उपलब्धि के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर यूनाईटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा की आप सभी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह अन्य लोगों के लिए भी उदाहरण है। उन्होंने सराहना की। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा उत्तराखण्ड में व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सफलता की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन समस्याओं और





उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम द्वारा ओडिशा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की 'कलिंगा ट्रॉफी' जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। इस व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने ओडिशा में आयोजित चार राज्यों की क्रिकेट प्रतियोगिता जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा कहा कि आप सभी खिलाड़ी एक हीरो और आइकॉन हैं।राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के प्रयासों की भी चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और कहा की इसके लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशने होंगे। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष गणेश शाह, उपाध्यक्ष विजय रमोला, सचिव उपेन्द्र पंवार, टीम के कप्तान धन सिंह, उपकप्तान धनवीर सिंह एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर का वेतन रोकने के दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी कम्पलेंट रजिस्टर न बना होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर पीसीपीएनडीटी का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि पीसीपीएनडीटी कम्पलेंट रजिस्टर पूर्णतः तैयार होने तक बैठक आयोजित न की जाये। समिति ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



जसपुर के पंजीकरण तथा जीवनदीप डायग्नोस्टिक सेंटर रूद्रपुर, गर्ग अल्ट्रासाउण्ड सेंटर जसपुर, एचएस मैमोरियल किलकारी होस्पिटल जसपुर, एचबी स्पेशिलिटी होस्पिटल रूद्रपुर, टुरना सर्जिकल हॉस्पिटल सितारगंज के नवीनीकरण की अनुमति दी। समिति ने 4 प्रकरणों को विभिन्न कारणों से लम्बित रखते हुए आगामी बैठक में प्रस्तु करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.सुनीता रतूड़ी, एसीएमओ डॉ.हरेन्द्र मलिक, रेडियोलोजिस्ट डॉ.विनय कुमार यादव, डीजीसी बी0सिंह, एनजीओ सदस्य हीरा जंगपांगी, सरोज ठाकुर, सीमा सिंह, पीसीपीएनडीटी कम्पलेंट रजिस्टर प्रदीप मेहर आदि उपस्थित थे।

# असहाय लोगों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरित किए

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड सेजनजीवन प्रभावित हो रहा है वहीं मैदानी क्षेत्रों मे शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की पत्नी श्रीमती मोनिका पंत एवं डीजीपी अशोक कुमार की धर्म पत्नी श्रीमती अलकनंदा अशोक ने शीतल लहर और कड़ाके की ठण्ड में गांधी पार्क, रैन बसेरा, डीडी चौक, गल्ला मंडी, काशीपुर बायपास रोड फ्लाईओवर के नीचे, रेलवे स्टेशन, इंदिरा चौक, रोडवेज रुद्रपुर, जिला अस्पताल आदि विभिन्न स्थानों पर राहगीरों के साथ गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरित किए।



# देव होम्स वेलफेयर सोसाइटी का गठन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देव होम्स वेलफेयर सोसाइटी में चुनाव समिति द्वारा सोसायटी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर मोर सिंह यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा तिवारी, सचिव सचिन शर्मा, उप सचिव धीरज गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत मोरे को निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया में देव होम्स सोसाइटी के 78 प्रतिशत मतदान किया। अध्यक्ष पद पर मोर सिंह यादव व सचिव पद पर सचिन शर्मा को विजयी बनाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोर सिंह यादव एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण गंगवार ने चुनाव समिति के सदस्य रमेश आर्य ,हरीश पांडे, मनमोहन अग्रवाल, प्रदीप दुबे, त्रिभुवन शर्मा,प्रदीप दुबे,विमल किशोर, लक्ष्मण डांगी, ऋतुराज नाडर, जय किशन का धन्यवाद किया।









# एनयूजेआई जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

## अखिल आजाद उपाध्यक्ष, सुष्मिता महिला उपाध्यक्ष व नबल बने सचिव

बागेश्वर(उद संवाददाता)। देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन और ट्रेड यूनियन नेशनल यनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) की जिला कार्यकारिणी की प्रथम वार्षिक बैठक तहसील बार सभागार में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष गोविंद मेहता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने पत्रकारिता के लिए एकजुट रहने, समाज केचौथे स्तम्भ के रूप में सजग प्रहरी के रूप में निर्भीकता से पत्रकारिता करने, एकजुट होकर पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष गोविंद मेहता ने कहा कि एनयूजेआई संगठन देश का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है,प्रेस काउंसलिंग ऑफ इंडिया में भी संगठन के तीन सक्रिय सदस्य है, संगठन एक कड़ी है जिसमें ब्लाक तहसील स्तर से राष्ट्रीय,अंतराष्ट्रीय स्तर के भी प्रतिनिधि है,उन्होंने संगठन के माध्यम से पत्रकारों के हितों के लिए अनवरत संघर्ष जारी रखने की बात कही।वही एकजुट होकर पत्रकारों के लिए संघर्षरत होने का निर्णय लिया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी अपनी राय व्यक्त की। बैठक में वयोवर्द्ध पत्रकार और संरक्षक रमेश चंद्र बृजवासी ने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिए एकजुट होकर संगठन के लिए कार्य करना हम सभी का मकसद होना चाहिए, वरिष्ठ पत्रकार और जिला उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर बड़सीला ने कहा कि संगठन में एकजुट होकर पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करना और अपने मुद्दों के लिए संघर्ष में सभी को एक दूसरे का साथ देना चाहिए।वही विशिष्ट अतिथि वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने कहा कि पत्रकार और साहित्यकार एक ही सिक्के के दो पहलू है,संगठन की एकजुटता के लिए सभी एकजुट होकर समाज के चौथे स्तम्भ की मजबूती के लिए कार्य करें ऐसी नीति से पत्रकारिता को अपनी मजबूत लेखनी से समाज को सही आईना दिखाए।वही संरक्षक जगदीश उपाध्याय ने कहा कि हमें पत्रकारों के हितों के लिए एकजुट होना है,उन्होंने जिलाध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए संगठन को मजबूती के लिए अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही।कौसानी से आए संगठन के पूरन सिंह दोसाद ने कहा कि संगठन की कार्यशैली की सराहना की।वही संरक्षक महेश जोशी ने कहा कि संगठन हित के लिए सदैव सहयोग किया जाएगा। पत्रकार अखिल आजाद ने संगठन से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ली। वही जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। अखिल आजाद को जिलाउपाध्यक्ष, सुस्मिता थापा को महिला उपाध्यक्ष, जबकि नबल किशोर भट्ट को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई।इस दौरान जिला महामंत्री अनिल पांडे,योगेश नगरकोटी, तनुज तिरूवा, महेश जोशी, दिनेश नेगी,हरीश नगरकोटी, मनोज टँगड़िया, दीपक जोशी,विजय कुमार, मनोज कुमार, यशपाल कोरंगा आदि मौजूद थे।



# बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित एसएस पब्लिक स्कूल में टेलेन्ट वर्ल्ड टीवी रियलिटी शो के तीसरे राउन्ड का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने टेलेन्ट का प्रदर्शन किया। जो 15 जनवरी ए1 टीवी पर दिखाया जायेगा। यह कार्यक्रम एसएस पब्लिक स्कूल एवं गुलशन इन्टरटेटेन्मेंट की तरफ से आयोजित किया गया है। जिसमें नृत्य, गायन, ड्रांइग, एक्टिंग एवं योग आदि प्रतिभायें खोजी जा रही है जो आगे देश का नाम रोशन कर सकें। इस प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को सेमिफाइनल के लिए पंजाब में न्योता दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 130 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के प्रोडूसर बलजीत सिंह सेखों है। कार्यक्रम में जज की भूमिका श्रीमती संगीता छाबड़ा ने निभाई। इस मौके पर विद्यालय के एमडी डीपीसिंह, प्रधानाचार्य मनोज कांडपाल, उप प्रधानाचार्य सुरेन्द्र प्रसाद, केवल कम्बोज, रेखा, अंजली, मनप्रीत कौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## प्रवासी सम्मेलन की शुरुआत

अपने देश, अपनी धरती से लोगों का स्वाभाविक लगाव होता है, चाहे वे पीढ़ियों पहले कहीं और जाकर बस गए हों।हर देश का भी अपने प्रवासियों से नाता बना रहता है। इसी के चलते भारत में प्रवासी दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी, जिसमें हर साल दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग कुछ दिनों के लिए यहां आते हैं। यह केवल सैर-सपाटे का अवसर नहीं होता, बल्कि उन्हें अपने देश के लिए कुछ करने का मौका भी होता है। दरअसल प्रवासी सम्मेलन की शुरुआत ही इस मकसद से की गई थी कि दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग यहां आकर निवेश के अवसर तलाश सकें। इंदौर में चल रहे सत्रहवें प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी इस तकाजे को एक बार फिर रेखांकित किया। उन्होंने दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को विदेशी धरती पर भारत का 'ब्रांड एंबेसडर' बताया। इस सम्मेलन में सत्तर देशों के साढ़े तीन हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले विदेशमंत्री ने भी इस सम्मेलन को प्रवासी भारतीयों के लिए अपने संबंधों को नया करने, नई ऊर्जा से भरने और नए पहलुओं को जोड़ने के एक अवसर के रूप में रेखांकित किया। इस बार के प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अहमियत इसलिए भी है कि इस वर्ष जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत कर रहा है और यहां निवेश संबंधी अनेक नए अवसर खुले हैं। भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। पूरी दुनिया अब भारत की तरफ देख रही है। ऐसे अनेक अवसर आए, जब विश्व के विकसित कहे जाने वाले देशों ने भी भारत को अहमियत दी। कोरोना के समय भारत ने अपने बल पर न केवल इसके टीके बनाए, बल्कि दुनिया के उन्नत कहे जाने वाले देशों की तुलना में अधिक तेजी से और बड़ी संख्या में टीके लगाने में कामयाबी भी हासिल की। अरिहंत जैसा स्वदेशी जलपोत तैयार किया, उपग्रह प्रक्षेपण के मामले में प्रतिस्पर्धी ढंग से आगे बढ़ रहा है। इस तरह भारत से जाकर दूसरे देशों में कारोबार कर रहे लोगों के लिए भारत के प्रति आकर्षण की स्वाभाविक वजहें हैं। इस समय जिस तरह पूरी दुनिया मंदी की आशंका से ग्रस्त है और कारोबारी सुस्ती छाई हुई है, उसमें तमाम देश अपने लिए नया बाजार तलाश रहे हैं। ऐसे में निवेश की दृष्टि से भारत एक बेहतर जगह साबित हो सकता है। इसलिए इस बार के प्रवासी सम्मेलन से स्वाभाविक ही उम्मीद बनती है कि भारतीय मूल के लोगों को यहां कारोबार की नई संभावनाएं तलाशने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया योजनाओं के तहत लाखों युवाओं को नए आविष्कार और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इस तरह यहां एक समृद्ध कारोबारी वातावरण बना है। विदेशी कंपनियों के लिए नियम और शर्तें काफी लचीली बना दी है। अब तो विदेशी विश्वविद्यालयों को अपने परिसर भी यहां खोलने की इज्जत दे दी है। ऐसे में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों के लिए अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध है। व्यवसाय के लिए सबसे जरूरी चीज होती है, कारोबारी वातावरण और बाजार। ये दोनों चीजें इस समय उपलब्ध हैं। अगर प्रवासी भारतीय भारत में निवेश के लिए आगे बढ़ते हैं, तो न सिर्फ यहां कुछ नए क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि निर्यात को भी गति मिलने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह इस बार के प्रवासी सम्मेलन से बेहतर नतीजे आने की आशा है।

# मनुष्यता का विचार देने वाले स्वामी विवेकानंद

विचार मनुष्य के मनुष्य होने और बने रहने का प्रमाण हैं। विचार ही आचरण को प्रेरित करते हैं। भारतीय जीवन सनातन युग से विचार-वृत्ति का जीवन रहा है। प्राचीन ऋषियों के चिंतन-मनन से लेकर आधुनिक ऋषि विवेकानंद तक यह विचारशीलता गतिशील रही है। मार्क्स ने अमीर और गरीब के बीच विभाजित दुनिया के उत्पीड़न को सामने रखकर संवेदना उत्पन्न की, लेकिन वास्तव में यह करुणा भारत से ही फैली है। वाल्मिकी से लेकर महावीर, बुद्ध, रामकृष्ण परमहंस और फिर विवेकानंद एवं गांधी तक इसी करुणा का विस्तार है। चूंकि कोई भी विचार स्थानीय या स्वदेशी नहीं होता, वह यदि आम आदमी की विचार प्रक्रिया को आंदोलित करता है तो सार्वभौमिक होता जाता है। अतएव भारतीय ऋषियों के विचारों को पहले आम भारतीय ने स्वीकार किया और फिर वहीं विचार दुनिया में फैले। इसका उदाहरण स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिया वह उद्बोधन है, जो दुनिया में आध्यात्मिक विज्ञान-सम्मत चेतना का आधार बना। यह चेतना आज भी भारत समेत दुनिया को आंदोलित कर रही है। आध्यात्मिक चेतना जगाने का काम भारत में सनातन परंपरा रही है। जिसे कुण्डलिनी और शक्तिपात के माध्यम से जागृत किया जाता है। स्वामी विवेकानंद आजीवन आध्यात्मिक चेतना और वेदांत के सत्य को जानने में लगे रहे। हालांकि आरंभ में वे अनिश्वरवादी थे और सार्थक गुरू की तलाश में भटक रहे थे। विवेकानंद में ऊर्जा के इस पुंज को स्थानांतरित करके गुरू रामकृष्ण परमहंस ने कहा था, 'आज अपना सर्वस्व तुझे देकर में रिक्त हो गया। अब भारत का हित और सम्मान तुम्हारा दायित्व है।' इस ऊर्जा के आरोहण में छह दिन का समय लगा था। यहीं से उनका आध्यात्मिक चेतना का स्तर शिखर पर पहुंचा। धर्म और विश्व-बंधुत्व के इस पाठ से विवेकानंद धर्मांतरण की स्पर्धा में लगे समुदायों को भी ललकारते रहे थे। अपनी अंतर्चेतना के बूते ही उन्होंने शिकागो की धर्मसभा में भारतीयता का उद्घोष किया था। इस्लाम और ईसाई धर्मावलंबियों से पराजित भारत में जो धर्म के विरुद्ध अनैतिक विशवमन हो रहा था, उस पर नियंत्रण का यह पहला वैश्विक जयघोष था। अस्तित्व की शक्ति कहें या परमात्मा अथवा ब्रह्माण्ड की ऊर्जा सब कुल एक ही माया है। जो व्यक्ति इस महाचेतना का स्वाद चख चुका होता है, वह अहंकार से शून्य हो जाता है। विवेकानंद जब अमेरिका के शिकागो की धर्मसभा में बोल रहे थे, तब वे अहंकार से तो शून्य थे, लेकिन भारतीय गरिमा के स्वाभिमान से अभिप्रेरित होकर ही बोल रहे थे। सनातन धर्म के महत्व का यही प्रस्थान बिंदू रहा है। दरअसल प्रत्येक व्यक्ति में आत्मशक्ति के रूप में पराशक्ति सुषुप्त अवस्था में विद्यमान रहती है। किंतु जब सक्षम गुरू द्वारा दीक्षा व संस्कार मिल जाते हैं तो मोहमाया के बंधन टूट जाते है और शिष्य को अंतर्निहित दिव्य-शक्ति का अनुभव होने लगता है। विवेकानंद के साथ भी यही हो रहा था। वे जब 1900 में भारत लौटे तो बेलूर मठ में बस गए। यहां समाधिस्थ रहते हुए उनकी दिव्य-चेतना का विस्तार इतना होने लग गया था कि सांसारिक देह में समाना असंभव हो गया। नतीजतन चार जुलाई 1902 को समाधि की अवस्था में ही स्वामी जी ने देह त्याग दी। उनकी चेतना का जो अदृश्य विस्तार है, वह आज भी भारतीय जनमानस में असर छोड़ने का काम कर रहा है। विज्ञान जगत में भी इस चेतना का असर देखा जा रहा है। अपनी चेतना के तेज को दूसरे व्यक्ति में स्थानांतरित या स्थापित करने की प्रक्रिया को सनातन विश्वास में कुण्डलिनी जागरण या शक्तिपात कहते हैं। इस साधना के बड़े साधक शिवपुरी के डॉ रघुबीर सिंह गौर भी हैं। वे लैपटॉप पर ऑनलाइन होकर देश-विदेश के हजारों लोगों को शक्तिपात देकर आध्यात्मिक शांति संचरित करते हैं। 'ॐ' के उच्चारण के साथ वे इस विधि का आरंभ करते हैं और फिर ध्यानस्थ अवस्था में अंगूठे एवं अंगुलियों के संकेतों से हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोग गुरुजी की चेतना के नियंत्रण में आते चलते हैं। आधा घंटा यह क्रिया चलती है और समाप्ति पर लोग गहन मानसिक शांति का अनुभव करते हैं। ऊर्जा का यह हस्तांतरण वही गुरू कर सकता है, जो अपनी कुण्डलिनी साधना से जागृत कर चुका हो। यही ऊर्जा परमहंस ने विवेकानंद में स्थापित की थी। अब विज्ञान ऐसा मान रहा है, ब्रह्माण्ड में जो तत्व विद्यमान हैं, वही सब मनुष्य के मस्तिष्क में हैं। इसलिए वह ब्रह्मनाण्डीय ऊर्जा को एक सीमित मात्रा में अपने शरीर में केंद्रित कर सकता है। अतएव पराग्रहियों के अस्तित्व के बारे में अब वैज्ञानिक कह रहे हैं कि वे चेतना की सूक्ष्म तरंगों के रूप में ब्रह्माण्ड में विचरण करने में सक्षम हैं। क्योंकि किसी यान द्वारा पृथ्वी तक की दूरी तय करना संभव ही नहीं है। इस धारणा की पुष्टि इस तथ्य से भी होती है कि अंतरिक्ष में हवा नहीं होती है। गोया, ध्वनि अथवा आवाज एक स्थान से दूसरे सथान तक नहीं जाती, लेकिन तरंगे आ-जा सकती हैं। फलतः सौरमंडल से जो रेडियो संकेत मिल रहे हैं, उन्हें एलियन द्वारा भेजे संकेत माना जा रहा है। भारत के पहले क्वांटम कंप्युटर 'परम' के निर्माता और देश में सुपर कंप्युटिंग प्रणाली 'सी-डेक' के संस्थापक डॉ. विजय भटकर का कथन इस परिप्रेक्ष्य में अहम् है। उनका कहना है, 'सत्य को जानने के लिए कभी पश्चिमी शोधकर्ता स्मृति, शरीर और दिमाग पर निर्भर रहते थे। परंतु अब विज्ञान की नवीनतम ज्ञानधारा क्वांटम यांत्रिकी अर्थात अति सूक्ष्मता का विज्ञान आने के बाद से उन्होंने चेतना पर भी बात शुरू कर दी है। अतएव अब वे अनुभव कर रहे हैं कि 'भारतीय भाववादी सिद्धांत' को जाने बिना चेतना का आकलन संभव नहीं है। जबकि अब तक पश्चिमी विज्ञान का पूरा ध्यान प्रकृति बनाम पदार्थ पर केंद्रित था। इसलिए अब कंप्युटर की भाषा को सूक्ष्मता से समझने के लिए नासा जैसा विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक संस्थान पाणिनी व्याकरण की 'अष्टाध्यायी' का अध्ययन कर रहा है। पाश्चात्य विज्ञान पदार्थ की बात तो करता है, लेकिन पदार्थ में चेतना विकसित करने की बात नहीं करता। क्योंकि वर्तमान भौतिकी पदार्थ को 'जड़' मानती है, किंतु सनातन विज्ञान ऐसा नहीं मानता, वह पदार्थ को भी चौतन्य मानता है। परिणामतः ब्रह्माण्ड का अणुओं से निर्मित ऊपर से जड़ दिखने वाला प्रत्येक तत्व परिवर्तनशील है। पुष्पक विमान के बारे में कहा जाता है कि उसमें यात्रियों के लिए एक पीठिका हमेशा रिक्त रहती थी। दरअसल यह विमान वायु के धनत्व के अनुसार स्वमेव अपना आकार छोटा या बड़ा कर लेता था। यदि पदार्थ में चेतना जागृत करने का सूत्र मिल जाए तो पदार्थ में भी संवेदना सृजित होने लगेगी। भाववादी सिद्धांत का सूत्र इसी वैज्ञानिक चेतना का द्योतक है। लोगों के मन में प्रश्न उठता है कि शक्पिपात की विधि जो कोई संत-साधना से प्राप्त करता है, उसकी अदृश्य क्रिया को हम देख क्यों नहीं पाते हैं? अपने अध्ययन और अनुभव से इस प्रश्न का जो उत्तर मेरी बुद्धि में आता है, वह है प्रकृति की अंदरुनी दुनिया में वास करने वाली कई चीजों को हम केवल आभास कर सकते हैं, प्रत्यक्ष देख नहीं सकते। जैसे, संगीत की लय को हम नहीं देख पाते, लेकिन उसे सुनने के लिए हमारे पास कान हैं। वह आवाज भी हम कहां देख पाते हैं, जो लय को प्रतिध्वनित करती है। हम गंध और दुर्गंध को भी नहीं देख पाते, लेकिन उसे महसूस करने के लिए हमारे पास नाक है। हम संवेदना को भी नहीं देख पाते, लेकिन उसे स्पर्श से जान जाते हैं। तमाम गैसों के रूप और कंप्युटर व मोबाइल तकनीक जो आज सर्पव्यापी है, लेकिन हम सॉफ्टवेयर की बुद्धि को कहां देख पाते हैं ? तत्पश्चात भी इन सभी का अस्तित्व है, जब इनका अस्तित्व है तो कुण्डलिनी और शक्तिपात जैसी क्रियाओं का भी अस्तित्व है, यही चेतना का विज्ञान है। इसीलिए जब परमहंस ने विवेकानंद में अपनी समस्त ऊर्जा का आरोहण किया, तब वह प्रकट रूप में दिखाई नहीं दी थी। लेकिन विवेकानंद के प्रवचनों के माध्यम से जिन बोलों का उच्चारण हुआ, उनसे भारतीय समाज आज भी प्रेरित-अभिप्रेरित हो रहा है।

प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

## अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को कुल 202 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कानि. उमेश सिंह व नरीनाथ आदर्श कालोनी चौकी से गश्त करने रवाना हुए। मेगामार्ट की तरफ बाटा शोरुम के सामने सडक पर एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से बैग ले जाते हुए दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता लखविन्दर सिंह पुत्र गुरुमुख सिंह निवासी अमरपुर बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें कुल 120 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। वहीं उप निरीक्षक अंबीराम आर्या साथी पुलिस कर्मियों अमित जोशी व महेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर वह रम्पुरा क्षेत्र काली मन्दिर के पास पहुंचे। जहां काली मन्दिर चौराहे पर एक ठेले के पास कई लोग खड़े दिखाई दिये। पुलिस देख लोग वहां से भागने लगे। उसमे से एक व्यक्ति कट्टे को घसीटता हुआ काली मन्दिर से केदारनी चौक को जाने वाली गली मे भागने लगा। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता दिनेश पुत्र अंगन लाल निवासी रम्पुरा वार्ड 22 बताया। कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें कुल 82 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुजिस ने दोंनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## हजारों की नगदी के साथ सट्टेबाज गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अशोक काण्डपाल साथी कांस्टेबल सत्येन्द्र पाल सिंह के साथ क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वह भट्टा तिराहा पहुंचे। जहां एक व्यक्ति खाईबाड़ी करता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता रमोद साहनी पुत्र सोने लाल निवासी बगवाड़ा भट्टा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल दो हजार पांच सौ रुपये नगद, सट्टा पर्ची व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर रमोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## छतरपुर के बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निटवर्ती ग्राम छतरपुर के बाजार में खरीददारी कर रहे व्यक्ति की बाईक अज्ञात वाहन चोर उड़ा ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विवेक कुमार पुत्र लाला राम निवासी ग्राम साहरु मु. सिंघपुर जिला शाहजहाँपुर हाल निवासी ग्राम छत्तरपुर ने कहा है कि 8 जनवरी की सायं वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 27 एएफ 0922 से रविवार बाजार छत्तरपुर में खरीददारी करने गया था। मोटर साईकिल रविवार बाजार के बाहर खड़ी की थी। जब वह खरीददारी करके लौटा तो उसकी मोटर साईकिल मौंके से गायब थी। जिसकी सूचना 112 पर दी गयी तो मौके पर पुलिस आयी। पुलिस के साथ उसने मोटर साईकिल की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर ली है।

# जर्जर विद्युत पोल व झूलते तारों से खतरा

## जनसमस्याओं के लिए अधिकारी समय से करें समाधान : डीएम

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता मिलन कार्यक्रम में 25 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें नौ शिकायतों को मौके पर ही समाधान किया गया।जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।जन समस्याओं का त्वरित निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है, समस्याओं का शीघ्रता से समाधान हो। आम जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार जिला मुख्यालय तक न आना पडें,इसके लिए अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के प्रति संकल्पबद्ध होना होगा। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं और शिकायतों का रिकार्ड रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।जनता दरबार में मोहन सिंह ने काफलीगैर से असौ तक लगभग पांच सौ मीटर सड़क बनाने का अनुरोध के साथ ही मनरेगा के कार्य पूर्ण न होने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को जीओ के अनुसार सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। देवी दत्त पांडे ने मेहनरबूंगा बाईपास सडक निर्माण से आवासीय भवन में आ रही दरारों पर आवश्यक कार्यवाही की मांग की। राजेन्द्र सिंह ने सार्वजनिक वाहनों में सीनियर सीटिजन के साथ ही महिलाओं के लिए सीट रिजर्व करने, संजय सिंह सहित सरयू घाटी के लोंगो ने पुगंरघाटी में जन औषधि केंद्र खोलने, विद्युत व्यवस्था सुचारू हेतु पूर्व की भांति क्षेत्र को कपकोट फीडर से जोडने की मांग रखते हुए कपकोट-पिण्डारी सडक मार्ग की दशा ठीक करने का अनुरोध करते हुए क्षेत्र की अन्य समस्याओं की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने ईई विद्युत, पीएमजीएसवाई के साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों का सख्त निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान करने को कहा। क्षेत्र के लोंगो की संचार व्यवस्था दूर करने की मांग पर जिलाधिकारी ने बताया किबीएसएनएल द्वारा 34 टॉवर लगाए जाने जा रहे है। मण्डलसेरा निवासी आनन्द प्रसार ने अतिक्रमण हटाने व बंद नालियों को खुलवाने की मांग पर समन्वय करते हुए स्थानीय लोंगो के साथ बैठक कर समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए। सविता नगरकोटी ने सुखोला क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोल व झूलते तारों से खतरा बताते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग रखी, जिस पर डीएम ने तत्काल ऊर्जा निगम को तत्काल समस्या का समाधान करनेके निर्देश दिए।जनता दरबार में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आर चन्द्रा, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी,जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, जलसंस्थान ऐक्शन सीएस देवड़ी,लोनिवि अभियंता राज कुमार,जल निगम वीके रवि, ग्रामीण निर्माण विभाग रमेश चन्द्रा, पीएमजीएसवाई विजय कृष्ण, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, आदि मौजूद थे।



# तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का समापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। एकल विद्यालय के तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष समर देवनाथ ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीते शनिवार से शुरू हुए इस तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को पढ़ाने वाले आचायों को भारतीय शिक्षा पद्धति के मूल तत्व से अवगत कराया गया। मुख्य प्रवक्ता सोनिया मंडल ने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को



अनुशासन, देशभक्ति, राष्ट्र के प्रति समर्पित एवं सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों से जीवन यापन करना चाहिये। मुख्य अतिथि समर देवनाथ ने कहा कि समाज को जगाने के लिए निरंतर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। एकल अभियान के सिद्धांतों से जुड़कर उन्हें पूर्ण तरह से सहयोग करने की भी बात कही। इस दौरान संच शक्तिफार्म के अध्यक्ष सुमंत कुमार विश्वास, नवीन चंद्र जोशी, सूरज देवनाथ, अनिता दत्त, रेनू राणा, निशा भंडारी सहित कई आचार्य मौजूद थे।




# पिकप में पकड़ी खैर की लकड़ी

सुल्तानपुर पट्टी (उद संवाददाता)।दोराहा स्वार बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक पिकअप संख्या यूके 04 सी बी 5384 को रोका तो चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर अंधेरा व कोहरे के कारण चालक भागने में सफल रहा। वाहन को चेक किया तो वाहन में अवैध खैर की लकड़ी लदी हुई थी। जिसका वजन किया तो लकड़ी का वजन 42 कुंटल 85 किलो पाया गया। जिस पर पुलिस ने मामले में अज्ञात लकड़ी तस्कर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र राजपूत,कॉन्स्टेबल भरत धनिक, कॉन्स्टेबल मोहन चंद्र भट्ट ,होमगार्ड रवीश कुमार आदि शामिल थे।



# आटा चक्की में चोरी का प्रयास

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने आटा चक्की की दीवार में सेंध लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। सोमवार देर रात्रि 11बजे रोशन लाल आटा चक्की की दुकान में दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। किरायेदार द्वारा शोर मचाने पर चोर फरार हो गये। आटा चक्की स्वामी रोशनलाल ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा दीवार में सेंध लगाकर चोरी करने का प्रयास किया गया जो कि किरायेदार द्वारा शोर मचाने पर लोग जाग गए और चोर भागने में कामयाब हो गए। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है।




# रात को मनाया पोते का जन्मदिन,सुबह हो गई मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रात पोते का जन्मदिन धूमधाम से मानने के पश्चात सवेरे परिजनों के साथ नाश्ता कर टहल रहे बरेली से हल्द्वानी आए दादा की मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई एलएस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी मिलने पर पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर शव कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम गजमेरा बरेली निवासी राम कुमार पुत्र वैद्यराम यहां रामपुर रोड पर पत्नी विमला देवी, सात वर्षीय बेटे आयुष और बेटी नंदनी के साथ निवास करते हैं। राम कुमार के पिता वैद्यराम गजमेरा में ही रहते हैं। बताया जाता है रविवार को रामकुमार के बेटे आयुष के सातवें जन्मदिन पर घर में समारोह आयोजित किया था। जिसमें शामिल होने के लिए बरेली से उसके दादा वैद्यराम भी आए थे। रात सभी ने आयुष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सुबह वैद्यराम ने सभी रिश्तेदारों और मेहमानों के साथ बैठ कर चाय-नाश्ता किया। बताया जाता है कि चाय-नाश्ते के बाद वह उठकर दो-तीन कदम चले और तभी गश खाकर गिर गए। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया।आनन- फानन में परिजन उन्हें उपचार के लिए एसटीएच लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# शराब के नशे में टैक्सी चलाना पड़ गया भारी

दन्या(उद संवाददाता)। पुलिस ने नशे में वाहन चला रहे चालक को गिरफ्तारकर लिया और टैक्सी सीज कर दी। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष दन्या सुशील कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान दन्या में एक बोलेरो को रोककर चैक किया तो वाहन चालक मोहन सिंह भंडारी, निवासी मेलगांव, दन्या शराब नशे में वाहन चलाता पाया गया। चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत मौके पर गिरफ्तार कर बोलेरो को सीज किया गया।




# सुभाष जयंती पर होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नव जागृति क्लब द्वारा आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गत सायं ट्रांजिट कैंप वार्ड 3 में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नेताजी सुभाष जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों एवं कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वी जयंती के उपलक्ष में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद ने सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सोपते हुए सभी से आयोजन की सफलता के लिए तन मन धन से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा समाज को एकजुट कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए आदर्शो पर चलने के लिए सभी को जागरूक करना होगा। बैठक में कमेटी के सचिव दिलीप अधिकारी ने अधिक से अधिक युवाओं को कमेटी के साथ जोड़ने की बात कर उन्हें प्रोत्साहित करने को कहा। ताकि युवा वर्ग गलत मार्ग पर भटकने के बजाय समाज के हित में आगे बढ़े। इस मौके पर नंदकिशोर गांगुली, अर्जुन विश्वास, शुभम दास , दीपक कीर्तनिया, मिंटू विश्वास, रमेश विश्वास, एडवोकेट तुलसी शाह, संजय दत्ता, दीपक कीर्तनिया, सुभाष सरकार, विश्वजीत मंडल, सुभाष स्वर्णकार, रोहित अधिकारी, अजय चौहान, अशोक सागर, सुरजीत शर्मा, रोबिन विश्वास, शैलेंद्र सिंह, राज चक्रबर्ती, अमित विश्वास, मिलन कुमार, राहुल अवस्थी, प्रवीण विश्वास आदि मौजूद थे।



# चौधरी राम पपनेजा के नाम पर हो किच्छा डिग्री कालेज का नामकरण: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी सुभाष छाबड़ा एडवोकेट ने किच्छा में डिग्री कालेज का नाम चौधरी राम पपनेजा के नाम पर रखे जाने की मांग की है। एक बयान में श्री छाबड़ा ने कहा कि किच्छा में स्थापित राजकीय महाविद्यालय का नाम रखने पर कई नाम सामने आए हैं जो अत्यंत ही पुरानी लीक के हैं कुछ ऐसे नाम सुझाए जा रहे हैं जिनके नाम पर हर राह पर हर मोड़ पर हैं उनकी मूर्तियां हैं उनके नाम के शिलापट्ट हैं पत्थर हैं कोई कमी नहीं । समाज मे छोटे स्तर पर या छोटे कस्बों में ऐसे बहुत से लोग होते हैं जिनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता ये लोग निस्वार्थ भाव से काम करतें हैं इन्हें किसी नाम की किसी शिलापट्ट की अपनी मूर्ति स्थापित होने की चाह नहीं होती लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे लोग आज के वक्त में अपने ही लोगों दुवारा भुला दिए जातें हैं। श्री छाबड़ा ने कहा कि आजादी के बाद ऐसी बहुत सी शख्सियतें हमारे बीच मे इस उत्तराखण्ड में हुई हैं जिन्होंने राजनीति में शुद्ध आचरण की लड़ाई लड़ी। तानाशाही के खिलाफ जंग लड़ी विभाजन के मारे लोगों की मदद की लेकिन हम लोग उनको जाने अनजाने या चाहे अनचाहे उन्हें वो सम्मान नहीं दे सके जिसके वे हकदार थे । श्री छाबड़ा ने कहा कि किच्छा स्वर्गीय चौधरीराम पपनेजा जी की कर्मभूमि रही है। उन्होंने अपने लहू से इसे सींचा है। लोगों को समाज के हर क्षेत्र में दिशा दी है। 1948 में संघ पर प्रतिबंध लगने से लेकर आपातकाल के कठिन दिनों में तानाशाही के सामने सीना तान कर खड़े रहे। सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा के संकल्प को लेकर भी संघर्ष करते रहे। उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में भी अग्रणीय भूमिका अदा की।ऐसे हमारे स्वर्गीय बुजुर्ग श्री चौधरीराम पपनेजा को आज सम्मान देने का बहुत अच्छा मौका है उनके संघर्ष, त्याग और तपस्या को सलाम किया जा सकता है। डिग्री कालेज का नाम उनके नाम पर रखा जाए ये सम्मान केवल श्री पपनेजा का ही नही होगा बल्कि उन सभी संघर्षशील लोगों का भी होगा जिन्होंने उत्तराखण्ड में कुर्बानियों की गाथा लिखी है ।



## पेज एक का शेष...

**होटल तोड़ने आयी टीम...**तकनीक से भवनों को गिरा रही है। इसके लिए मजदूरों की मदद ली जा रही है।केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की के विशेषज्ञों की टीम के निर्देशन और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मौजूदगी में पहले मलारी इन होटल को गिराने की कार्रवाई शुरू गयी। इसके लिए 60 मजदूरों के साथ ही दो जेसीबी, एक बड़ी क्रेन और दो टिप्पर ट्रक लगाए गए हैं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने से पहले जब पुलिस होटल स्वामी और ग्रामीणों को वहां से हटाने के लिए पहुंची तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस पर धमकाने और गुण्डागर्दी का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि चाहे उन्हें गोली मार दो लेकिन होटल नहीं तोड़नें देंगे। इस दौरान ग्रामीणों की कोतवाल के साथ जमकर नोंक झोंक हुयी। प्रभावित लोग किसी भी हालत में घर छोड़ने को तैयार नहीं है। उधर व्यापार मण्डल ने होटलों के ध्वस्ती करण पर नाराजगी व्यक्त की है। व्यापार मंडल का कहना है कि पहले इन दोनों होटलों का मूल्यांकन होना चाहिए। उसके बाद ही होटल का ध्वस्तीकरण होना चाहिए। वहीं होटल मलारी इन के स्वामी ठाकुर सिंह राणा ने भी सरकार के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुझे नोटिस देना चाहिए और मेरा आर्थिक मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें होटल तोड़ने की कोई सूचना नहीं दी और ना ही कोई नोटिस दिया गया। सालों पहले करोड़ों रुपये की लागत से होटल बना था। यह उनकी आजीविका का साधन है। सरकार अगर होटल गिराना चाहती है तो मुआवजा भी दे। उन्होंने कहा कि वह होटल नहीं तोड़ने देंगे चाहे उन पर बुल्डोजर चला दें। भवनों को ढहाए जाने के लिए चल रही जद्दोजहद के बीच मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट जोशीमठ पहुंचे। उन्होंने सेना और आईटीबीपी मुख्यालय जाकर वहां के हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। रक्षा राज्य मंत्री आर्मी कैंप का निरीक्षण करने के बाद प्रभावित लोगों से मिले। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकार इस प्राकृतिक आपदा से लोगों को निकालने में हर संभव मदद करेगी। अजय भट्ट ने कहा कि जोशीमठ के हालातों पर केन्द्र सरकार की पूरी नजर है। राज्य सरकार भी इस मामले को लेकर गंभीर है। जोशीमठ को बचाने के लिए जो भी करना पड़ेगा वो किया जायेगा।

**सुप्रीम कोर्ट का तत्काल...**रहा है वह खनन, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का निर्माण और उसके लिए किए जा रहे ब्लास्ट के चलते हो रहा है। यह बड़ी आपदा का संकेत है। कहा कि नगर में लंबे समय से भू-धंसाव हो रहा है। लोग इसको लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसका खामियाजा आज एक एतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक नगर और वहां रहने वाले लोग झेल रहे हैं।

**हाईटेंशन लाईन की चपेट ..**भी पोस्टमार्टम के लिए मौके पर पहुंची। विद्युत विभाग के एसडीओ संजय प्रसाद समेत तमाम विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों के खेतों में से जा रही विद्युत लाइन इतनी नीचे है कि आम आदमी की पहुंच आसानी से बन रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि लाइन खेत से 5 मीटर ऊपर है हाथी ने अपनी सूंड से लाइन को टच किया है जिससे उसको करंट लग गया जैसे ही प्रात: 4:45 पर हाथी को करंट लगा विद्युत सबस्टेशन में लाइन ट्रिप हो गई।

**धोखाधड़ी कर बेच दी...**ट्ट पत्नी कैलाश चन्द्र भट्ट निवासी मल्ला गोरखपुर नवाबी रोड के नाम कर दी गई। आरोप है कि भूमि विक्रेता, गवाहों और भूमि खरीदने वालों ने साजिश रचकर बैंक में बंधक भूमि का सौदा किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

**मेडिकल कालेज...**लिया। जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पूछताछ में चोर ने अपना नाम पटा सूरज सिंह पुत्र चद्दू निवासी ग्राम झाला, पोस्ट बीमोतीपुर, बहराइच उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगर के मध्य नहीं करने दिया जाएगा सड़क का चौड़ीकरण: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि क्वारब से ऊपर अल्मोड़ा की ओर सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है।उक्त सड़क में जो बाईपास उनके द्वारा मंत्री नितिन गडकरी को प्रस्तावित किया गया था, उसे चौंसली कोसी बाईपास के रूप में तत्काल प्रभाव से बनाया जाए।श्री कर्नाटक ने कहा कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को अगर अल्मोड़ा नगर में लाया गया तो इसका विरोध ही नहीं होगा अपितु विभाग के खिलाफ एक व्यापक जन आन्दोलन भी होगा।श्री कर्नाटक ने कहा कि इस सम्बन्ध में उनकी केन्द्रीय एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से तीन बार वार्ता हुई जो कि बेहद सकारात्मक रही।उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ने उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया था कि उक्त बाईपास को जनहित में अल्मोड़ा नगर से न लाकर चौंसली से कोसी बाई पास के रूप में बनाया जायेगा,जिससे कि अल्मोड़ा नगर व उसके आसपास के गांवों की जनता के भवनों को किसी भी तरह का कोई नुकसान न हो।श्री कर्नाटक ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री के सकारात्मक रूख के बाद भी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी स्वयं को सर्वेसर्वा मान रहे हैं और मनमानी को आतुर हैं।उन्होंने कहा कि ये बेलगाम अधिकारी एक बात स्पष्ट तौर पर अपने दिमाग में बैठा लें कि किसी भी दशा में सड़क का चौड़ीकरण अल्मोड़ा नगर व उससे लगे गांवों में नहीं आने दिया जाएगा और यदि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी ये समझते हैं कि वे मनमानी करेंगें और नगर के मध्य से राष्ट्रीय राजमार्ग ले जाएंगे तो वे एक बात अपने मन और मस्तिष्क में अच्छी तरह से बैठा लें कि इसके लिए उन्हें सड़क का चौड़ीकरण नागरिकोंकी लाश के ऊपर से ले जाना पड़ेगा जिसकी प्रथम पहल बिट्टू कर्नाटक द्वारा की जायेगी। श्री कर्नाटक ने कहा कि वे इस सड़क के चौड़ीकरण से अधिक महत्व अल्मोड़ा नगर व उससे लगे गांवों की जनता को देते हैं और वे किसी भी दशा में वहां की जनता का अहित नहीं होने देंगे।



# कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और कैबिनेट मंत्री ने राजभवन परिसर में स्थापित नक्षत्र वाटिका और बोनसाई गार्डन का भ्रमण किया।उल्लेखनीय है कि राजभवन के बोनसाई गार्डन में 50 वर्ष से अधिक आयु तक के 500 से अधिक बोनसाई पेड़-पौधों को संरक्षित किया गया, सभी पौधों की देखभाल वैज्ञानिक विधि से की जाती है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी मेला

## विधायक शिव अरोरा व तिलकराज बेहड़ ने प्रज्जवलित की लोहड़ी पंजाबी संस्कृति की झलक बिखरी,कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल महिला पंजाबी महासभा द्वारा लोक संस्कृति आस्था हर्षोल्लास का पर्व लोहड़ी मेले का आयोजन हुआ। जिसमें पंजाबी संस्कृति सेओतप्रोत विभिन्न रंगा रंग झलकियों का समावेश नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने महासभा पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा व तिलकराज बेहड़ का लोहड़ी मेले में पहुँचने पर महिला पंजाबी महासभा द्वारा पंजाबी संस्कृति में जोरदार स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से रुद्रपुर को मिनी भारत के नाम से जाना जाता रहा है। उसके ही चलते यहां हर समाज के समय समय पर आयोजन होते रहते हैं। पंजाबी महिला महासभा द्वारा भव्य लोहड़ी मेले का आयोजन किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा हमारी संस्कृति का ज्ञान हमारी आने वाली पीढ़ी को रहे उसके लिये ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने पंजाबी महिला महासभा की टीम को बधाई दी। जिन्होंने सुंदर लोहड़ी मेले का आयोजन किया। इस दौरान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी मौजूद रहे जो काफी लंबे समय से पंजाबी महासभा से जुड़े रहे हैं उन्होंने भी कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी। मेले में दिल्ली से आयी मशहूर गायिका आलिशा अरोरा के गाये पंजाबी संस्कृति के गानों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। वही आयोजकों द्वारा कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें बेस्ट किचन क्वीन में प्रशाली शर्मा प्रथम, तनु मदान द्वितीय व सोनिया सीकरी तृतीय रहीं। बेस्ट कपल नंदनी छाबड़ा व प्रशांत छाबड़ा चुने गये। बेस्ट पंजाबी कुड़ी पलक तागरा चुनी गई, बेस्ट पंजाबी मुंडा प्रांजल सिंह, बेस्ट ओल्ड कपल मनमोहन सिंह व जसविन्दर कौर चुने गये। सभी को विधायक शिव अरोरा व विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर लक्की ड्रा भी निकाला गया जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि शिव अरोरा, तिलकराज बेहड़, ज्योति अरोरा, सुरेन्द्र रज्जी, संजय जुनेजा, वेद ठुकराल, वैभव ग्रोवर, महासभा की महिला महासभा की संरक्षक डा. सीमा अरोरा, प्रदेशध्यक्ष संगठन मंत्री साक्षी छाबड़ा,जिलाध्यक्ष डॉ रचना अरोरा, जिला महामंत्री शैली फुटेला, महानगर अध्यक्ष रेनू अरोरा, महामंत्री उर्वशी गाबा, कोषाध्यक्ष स्वाति कक्कड, उपाध्यक्ष शारदा नरूला, संस्कृति मंत्री रेणु जुनेजा, रानी तागरा, राधिका कक्कड़ ,वैभव ग्रोवर, कशिश खेड़ा आशियाना ग्रुप, हरीश मुंजाल, रोहताश बत्रा, अभिमन्यु ढींगड़ा आदि ने पूजा अर्चना के साथ लोहड़ी प्रज्जवलित की।















